भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 4119
दिनांक 19 दिसंबर, 2024

उत्तराखंड में पाइपकृत प्राकृतिक गैस नेटवर्क

4119. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पूरे उत्तराखंड राज्य में पाइपकृत प्राकृतिक गैस (पीएनजी) नेटवर्क बिछाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ग) उत्तराखंड के किन-किन शहरों में वर्तमान में पीएनजी सेवा उपलब्ध है और यह सेवा किस तारीख को शुरू की गई?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग): पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है और इसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा उनके न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) के अनुसार अधिकृत सीजीडी संस्थाओं द्वारा किया जाता है। पीएनजीआरबी ने उत्तराखंड राज्य में सीजीडी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 6 जीए (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में फैले 1 जीए सहित) को अधिकृत किया है, जिसका न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) लक्ष्य 2032 तक 13,88,335 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान करना है। 31.10.2024 तक संस्थाओं ने उत्तराखंड राज्य में 91,406 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। 31.10.2024 तक उत्तराखंड राज्य में घरेलू पीएनजी कनेक्शनों का जीए-वार विवरण **अनुलग्नक** में है।

अनुलग्नक

" उत्तराखंड में पाइपकृत प्राकृतिक गैस नेटवर्क " के संबंध में दिनांक 19.12.2024 को श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4119 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लेखित अनुलग्नक

उत्तराखंड राज्य में घरेलू पीएनजी कनेक्शनों का जीए-वार विवरण - 31.10.2024 तक

क्र.सं .	भौगोलिक क्षेत्र/ सीजीडी नेटवर्क	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	प्राधिकरण की तिथि	लक्ष्य पूरा होने की तिथि	पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन		
					एमडब्ल्यूपी लक्ष्य	आनुपातिक लक्ष्य	पीएनजी (घरेलू)
1.	उधम सिंह नगर जिला	उत्तराखंड	28-जुलाई-15	30-सितम्बर-22	15429	15429	17795
2.	हरिद्वार जिला	उत्तराखंड	27-जुलाई-15	30-सितम्बर-22	16905	16905	25254
3.	देहरादून जिला	उत्तराखंड	12-09-2018 (नई आरंभ तिथि 01.04.2022)	31-मार्च-30	300001	47500	32107
4.	बिजनौर और नैनीताल जिले	उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड	29-मार्च-19	31-मार्च-31	300000	77500	16249
5.	पौड़ीगढ़वाल, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और टिहरीगढ़वाल जिले	उत्तराखंड	27-मई-22	30-जून-32	351000	38025	1
6.	पिथौरागढ, चंपावत, अल्मोडा, चमोली और बागेश्वर जिले	उत्तराखंड	11-मई-22	30-जून-32	405000	43875	0
कुल					**1388335**	**239234**	**91406**

स्रोत: पीएनजीआरबी